टूटा पहिया - कक्षा 2

https://youtu.be/xnSavgBnigE

निहत्थी - शस्त्र हीन , ആയുധമില്ലാത്ത Unarmed

कुचलना - रौंदना , ചവിട്ടി മെതിക്കുക To trample

लोहा लेना - सामना करना , നേരിടുക

शिकार - ഇര , Victim

पौराणिक - पुराण से संबंधित

परिवेश - परिस्थिति , ചുറ്റുപാട്

मैं
रथ का टूटा हुआ पहिया हूँ
लेकिन मुझे फेंको मत!
क्या जाने; कब
इस दुरूह चक्रव्यूह में
अक्षौहिणी सेनाओं को चुनौती देता हुआ
कोई दुस्साहसी अभिमन्यु आकर घिर जाए!
अपने पक्ष को असत्य जानते हुए भी
बड़े-बड़े महारथी
अकेली निहत्थी आवाज़ को
अपने ब्रह्मास्त्रों से कुचल देना चाहें

★ **कविता के मुख्य बिंदु :**

- महाभारत युद्ध में कौरवों ने चक्रव्यूह की रचना की थी।
- वीर अभिमन्यु ने चक्रव्यूह तोड़कर अंदर प्रवेश किया।
- लेकिन बाहर निकलना न जानता था।
- कौरव पक्ष के महारथियों ने उसपर आक्रमण किया।

• अभिमन्यु अकेला था।

• उसके सारे शस्त्र नष्ट हो गए।

• अभिमन्यु रथ के एक टूटे पहिए को लेकर युद्ध करने लगा।

1. किसका पक्ष असत्य का था?

   बडे-बडे महारथियों का पक्ष असत्य का था।
2. अभिमन्यु के चारों और कौन थे?

   बड़े-बड़े महारथी।
3. महारथियों ने मिलकर क्या किया था?

   अकेली निहत्थी आवाज को कुचल दिया था।
4. अकेली निहत्थी आवाज से किसकी और सूचना है?

   अभिमन्यु की ओर।
5. सारे महारथियों ने क्या चाहा?

   सारे महारथियों ने मिलकर अभिमन्यु को कुचल देना चाहा।
6. सारे महारथियों ने अभिमन्यु को कुचल डालने के लिए क्या किया?

   सारे महारथियों ने मिलकर अकेले निहत्थे अभिमन्यु को ब्रह्मास्त्रों से आक्रमण किया।
7. ब्रह्मास्त्र माने क्या है?

   दिव्यास्त्र यानी शक्तिशाली अस्त्र।
8. तब अभिमन्यु ने क्या किया था?

   एक टूटे पहिए को उठाकर ब्रह्मास्त्रों से लोहा लिया था।
9. ब्रह्मास्त्रों से कौन लोहा ले सकता है?

   टूटा पहिया।

★ चक्रव्यूह में पड़े अभिमन्यु की हालत देखें।

• चक्रव्यूह के अंदर अभिमन्यु अकेला पड़ा था।

• उसके सारे अस्त्र या आयुध नष्ट हो गये थे।

• उसके चारों ओर बड़े-बड़े महारथी थे।

• ये महारथी असत्य के पक्ष में थे।

• सारे महारथियों ने अभिमन्यु को कुचल डालने केलिए ब्रह्मास्त्रों का प्रयोग किया।

• अभिमन्यु ने एक टूटे पहिए को उठाकर ब्रह्मास्त्रों से लोहा लिया।

अपने पक्ष को असत्य जानते हुए भी

बड़े-बड़े महारथी

अकेली निहत्थी आवाज़ को

अपने ब्रह्मास्त्रों से कुचल देना चाहें

10. यहाँ टूटा पहिया क्या आग्रह करता है?

सत्य की रक्षा के लिए सत्य के पक्ष में खड़े रहना चाहता है, अधर्म से युद्ध करना चाहता है।

★ **यह एक प्रतीकात्मक कविता है। जैसे - अभिमन्यु , टूटा पहिया , चक्रव्यूह , अक्षौहिणी सेना , महारथी , ब्रह्मास्त्र , टूटा पहिया , चक्रव्यूह , अक्षौहिणी सेना , महारथी , ब्रह्मास्त्र ।**

11. अभिमन्यु किसका प्रतीक है?

अभिमन्यु अधर्म का शिकार है या अभिमन्यु शोषित व्यक्ति है या अभिमन्यु अधर्म के विरोधी का प्रतीक है।

12. कविता में टूटा पहिया किसका प्रतीक है?

टूटा पहिया लघु या उपेक्षित मानव का प्रतीक है।

13. इस कविता में महारथी किसका प्रतीक है?

महारथी अधर्म, असत्य, अन्याय या शोषक का प्रतीक है।

14. कविता में चक्रव्यूह किसका प्रतीक है?

कविता में चक्रव्यूह मानव जीवन की समस्याओं का प्रतीक है।

15. कविता में ब्रह्मास्त्र और अक्षौहिणी सेना किसके प्रतीक हैं?

ब्रह्मास्त्र और अक्षौहिणी सेना अन्यायी , अधर्मी या शोषक के हाथ की महाशक्ति के प्रतीक है।

तब मैं

रथ का टूटा हुआ पहिया
उसके हाथों में
ब्रह्मास्त्रों से लोहा ले सकता हूँ !
मैं रथ का टूटा हुआ पहिया हूँ
लेकिन मुझे फेंको मत
इतिहासों की सामूहिक गति
सहसा झूठी पड़ जाने पर
क्या जाने
सच्चाई टूटे हुए पहियों का आश्रय ले!

अपने पक्ष को असत्य जानते हुए भी
बड़े-बड़े महारथी
अकेली निहत्थी आवाज़ को
अपने ब्रह्मास्त्रों से कुचल देना चाहें।
इन पंक्तियों के आशय पर चर्चा करें।

कौरव पक्ष के महारथी जानते थे कि अपना पक्ष असत्य का है। फिर भी उन्होंने ब्रह्मास्त्रों से अभिमन्यु की निहत्थी आवाज़ को कुचल डालना चाहा । तब अभिमन्यु ने एक टूटे पहिए से ब्रह्मास्त्रों से लोहा लिया था। यहाँ टूटा पहिया कहता है कि उसी प्रकार मैं किसी निरायुध के हाथ में आकर ब्रह्मास्त्रों से लोहा ले सकता हूँ।

तब मैं
रथ का टूटा हुआ पहिया
उसके हाथों में
ब्रह्मास्त्रों से लोहा ले सकता हुं।
इन पंक्तियों में चर्चित पौराणिक संदर्भ वर्तमान परिवेश में कहां तक प्रासंगिक है?

चक्रव्यूह में निरायुध अभिमन्यु अकेले फँस गया। महारथियों ने ब्रह्मास्त्रों से उसे कुचल डालना चाहा। तब अभिमन्यु ने एक टूटे पहिए से ब्रह्मास्त्रों से लोहा लिया था। केवल टूटा पहिया ही अभिमन्यु का सहारा बना था। यहाँ टूटा पहिया कहता है कि उसी प्रकार शोषकों के अत्याचार के विरुद्ध लड़नेवाले को टूटा पहिया यानी लघु या उपेक्षित मानव ही सहारा बनेगा

सही उत्तर चुनकर लिखें।

1. कविता के आधार पर किसका पक्ष असत्य का है?

   (क)अकेली निहत्थी आवाज़ का (ख) बड़े - बड़े महारथी का।

2. 'अकेली निहत्थी आवाज़' का प्रतीकात्मक अर्थ किसकी ओर सूचित है?

   (क) शोषकों की ओर (ख) शोषितों की ओर।

3. अकेली निहत्थी आवाज़ को ब्रह्मास्त्रों से कुचल देनेवाला कौन है?

   (क) शोषक (ख) शोषित

4. टूटा पहिया किसके हाथों में ब्रह्मास्त्रों से लोहा ले सकता है?

   (क) शोषक के (ख) शोषित के।

5. दुरूह चक्रव्यूह- इसमें विशेषण शब्द कौ-सान है?

   (क)चक्रव्यूह (ख) दुरूह

6. लोहा लेना - का मतलब क्या है?

(क) सामना करना (ख) पीछे जाना

Prepared by : MOHAMED ALI.K , MES HSS IRIMBILIYAM , PH: 9895361234